राजस्थान सरकार
आयुक्तालय, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/ e-mail: innovation.cceraj@gmail.com Ph.: 0141-2706840 (O)

Letter No. CCE/ISDC/RACE/FDP/2019/**1415** Date: **21st** Oct. 2019

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय (निम्नलिखित सूचीनुसार),
राजस्थान।

विषयः राजकीय महाविद्यालयों में कार्यरत संकाय सदस्यों में गुणवत्ता अभिवृद्धि हेतु सम्भाग/जिला स्तरीय कार्यशाला/प्रशिक्षण हेतु **'शिक्षक दक्षता संवर्द्धन कार्यक्रम'** का आयोजन करवाने बावत्।

महोदय,

माननीय मंत्री, उच्च शिक्षा, राजस्थान द्वारा राजकीय महाविद्यालयों में कार्यरत संकाय सदस्यों में गुणवत्ता अभिवृद्धि के लिये विभाग स्तर पर **शिक्षक दक्षता संवर्द्धन कार्यक्रम** प्रारम्भ करवाये जाने की घोषणा की गई है। इस प्रकार के कार्यक्रमों से शिक्षकों में विषयपरक ज्ञान अभिवृद्धि के साथ–साथ महाविद्यालयों में उनके अन्य सकारात्मक सहयोग यथा– विद्यार्थियों की मैण्टरिंग, काउन्सलिंग, उनके कैरियर निर्माण हेतु मार्गदर्शन, महाविद्यालयों के प्रशासनिक एवं नियमित कार्यों में अपेक्षानुरुप योगदान, शोध प्रवृत्ति विकास आदि के लिये प्रशिक्षित किया जा सकता है। इस प्रकिया द्वारा महाविद्यालयों में कार्यरत संकाय सदस्यों में क्षमता विकास, आत्मविश्वाश अभिवृद्धि एवं नेतृत्व दक्षता विकासित की जा सकती है। सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय अजमेर एवं राजकीय महाविद्यालय जोधपुर द्वारा शिक्षक दक्षतां संवर्द्धन कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन करवाकर इन कार्यक्रमों की उपादेयता सिद्ध की है।

अतः निम्न राजकीय महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि वे यथा निर्देशित चरण में शिक्षक दक्षता संवर्द्धन कार्यक्रम के अन्तर्गत ओरिएण्टेशन प्रोग्राम का आयोजन करावाया जाना सुनिश्चित करें। इन आयोजनों के संबंध में दिये गये निर्देशों पर भी ध्यान दें –

**प्रथम चरण : दिनांक 11 नवम्बर – 30 नवम्बर 2019**

1. राजकीय महाविद्यालय, चूरू
2. राजकीय आर.आर. महाविद्यालय, अलवर
3. राजकीय महाविद्यालय, बूंदी
4. महारानी श्री जया राजकीय महाविद्यालय, भरतपुर
5. राजकीय महाविद्यालय, कोटपूतली
6. राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर
7. राजकीय कन्या महाविद्यालय, उदयपुर
8. राजकीय महाविद्यालय, चित्तौडगढ
9. राजकीय महाविद्यालय, पीपाडसिटी, जोधपुर
10. राजकीय कन्या महाविद्यालय, अजमेर
11. राजकीय विज्ञान महाविद्यालय, कोटा
12. राजकीय कन्या महाविद्यालय श्रीगंगानगर

**द्वितीय चरण : दिनांक 04 दिसम्बर – 21 दिसम्बर 2019**

1. राजकीय महाविद्यालय, अजमेर
2. राजकीय महाविद्यालय, जोधपुर
3. राजकीय विज्ञान महाविद्यालय, कोटा
4. राजकीय महाविद्यालय, सांभरलेक
5. राजकीय कन्या महाविद्यालय, उदयपुर
6. रामेश्वरी देवी राजकीय कन्या महाविद्यालय, भरतपुर
7. राजकीय महाविद्यालय, चूरू
8. राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर



Scanned by CamScanner

9. राजकीय महाविद्यालय, बारां
10. राजकीय महाविद्यालय जैसलमेर
11. राजकीय महाविद्यालय श्रीगंगानगर

इस शिक्षक दक्षता संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन निम्न बिन्दुओं पर आधारित होगा–

1. यह कार्यक्रम न्यूनतम दो दिवसीय तथा अधिकतम तीन दिवसीय आयोजित किया जाना है, जिसमें अजमेर एवं जोधपुर संभाग में आयोजित की गयी कार्यशालाओं के मॉडल के आधार पर प्रशिक्षण दिया जाना है।
2. इस कार्यशाला में नवनियुक्त सहायक आचार्यो को राजकीय सेवा में अवकाश के प्रकार, राजस्थान सेवा एवं लेखा नियम, जैम पोर्टल, एसएसओआइडी, आईपीआर, सूचना का अधिकार आदि विषयों की जानकारी एवं प्रशिक्षण दिया जाना है।
3. इस आमुखीकरण कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की समूह गतिविधियां आयोजित करवायी जानी है, जिससे प्रतिभागियों के व्यक्तित्व विकास के साथ साथ संसथा विकास में सहायता मिले।
4. इन प्रशिक्षण दिवसों के लिये प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिवसों (दो/तीन दिन) का कर्त्तव्य अवकाश देय होगा।
5. इस आयोजन हेतु मूल व्यवस्था आयोजक महाविद्यालय द्वारा विकास समिति तथा उपयुक्त मद से किया जावेगा।
6. इस कार्यशाला में आयोजक महाविद्यालय के संबंधित संभाग के राजकीय महाविद्यालयों में कार्यरत/नवीन पदस्थापित संकाय सदस्य (राजस्थान लोक सेवा आयोग से चयनित 2018 में पदस्थापित वैच के सहायक आचार्यो) को भाग लेने के लिये नामित किया जाना आवश्यक है। यदि स्थान उपलब्ध हो तो, राजस्थान लोक सेवा आयोग से चयनित 2012 में पदस्थापित बैच के सहायक आचार्यो को भी इसमें स्थान दिया जा सकेता है।
7. इस कार्यशाला में सभी प्रतिभागियों को प्रातः 9.30 बजे से सांय 5.30 बजे तक अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करनी होगी।
8. प्रशिणार्थियों को उनके मूल पदस्थापन महाविद्यालय से नियमानुसार यात्रा भत्ता व्यय पुर्नभरण दिया जावेगा।
9. इस कार्यशाला हेतु अधिकतम दो सहायक आचार्यो को संबंधित महाविद्यालय द्वारा नामित किया जावेगा एवं आयोजक महाविद्यालय द्वारा प्रतिभागियों की सूची आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा को भिजवायी जावेगी। इसके उपरांत आकाशि से इस प्रशिक्षण कार्यशाला में भाग लेने के आदेश जारी किये जावेगें।
10. आयोजक महाविद्यालय इस आयोजन का रिकार्ड संधारण करेगें तथा प्रतिभागियों से प्रत्येक सत्र एवं रिसोर्स पर्सन का फीडबैक भी भरवाया जाना अनिवार्य होगा। प्रतिभागी तथा रिसोर्स पर्सन से इस आयोजन की रेटिंग भी करवायी जानी है। जिसके लिये फॉर्मेट आकाशि से उपलब्ध करवाया जावेगा।
11. प्रत्येक सत्र का विडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी करके डिजिटल रिकॉर्ड संधारित किया जाना आवश्यक हैं।
12. आयोजक महाविद्यालय द्वारा इस कार्यशाला की तिथियों एवं प्रतिभागियों के नामों की सूची एवं कार्यशाला का संपूर्ण समय सारणी एवं प्रस्तावित रूपरेखा आयुक्तालय को प्रेषित की जावेगी, जिसके लिये आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा से आदेश जारी किये जावेगें।

इस संबंध में आयोजन प्रयोजनार्थ किसी प्रकार के मार्गदर्शन हेतु **प्राचार्य सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय अजमेर एवं राजकीय महाविद्यालय जोधपुर से सम्पर्क करें।** आयुक्तालय स्तर पर सहायतार्थ डा. विनोद कुमार भारद्वाज, प्रभारी नवाचार एवं कौशल विकास से कार्यालय समय में उनके मोबाइल नम्बर 9414304650 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

**प्रदीप ~~कुमार बोरड़, IAS~~**
आयुक्त कॉलेज शिक्षा एवं
विशिष्ट शासन सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, राजस्थान

Letter No. CCE/ISDC/ RACE/FDP/2019/1416-17; Date: 21st Oct. 2019
प्रतिलिपि प्रेषित है –
1. विशिष्ट सहायक, माननीय मंत्री, उच्च शिक्षा, राजस्थान।
2. निजी सचिव, शासन सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, राजस्थान।
3. निजी सचिव, आयुक्त, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
4. निजी सहायक, अतिरिक्त आयुक्त, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
5. वित्तीय सलाहकार, आकाशि, जयपुर।
6. संयुक्त निदेशक HRD/ PI/ P&C/ Acad./ Admn./RUSA/RVRES आकाशि, जयपुर।
7. सहायक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, कालेज शिक्षा, जयपुर, अजमेर, उदयपुर, कोटा, बीकानेर, जोधपुर एवं भरतपुर को इस कार्यक्रम की सम्भाग स्तर पर मॉनिटरिंग हेतु।
8. संबंधित महाविद्यालयों के प्रभारी अधिकारी, कालेज समूह, आकाशि, जयपुर को इस कार्यकम की कॉलेज स्तर पर मॉनिटरिंग हेतु।
9. वैब प्रभारी, आकाशि को वैबसाइट पर अपलोड करने एवं संबंधितों को ई–मेल करने हेतु /रक्षित पत्रावली।

21/10/19

डा. विनोद कुमार भारद्वाज
प्रभारी अधिकारी, नवाचार एवं कौशल विकास



Scanned by CamScanner